# दिल्ली विकास प्राधिकरण
## (मुख्य योजना अनुभाग)

## सार्वजनिक सूचना

नई दिल्ली, 18 मार्च, 2026

फाइल सं. पीएलजी / एमपी / 0003/ 2025/ एफ-20/ ए डी (पीएलजी-जोन जे, यूसी) दिल्ली विकास प्राधिकरण / केंद्र सरकार का दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 11- क के अंतर्गत मुख्य योजना -2021/ जोन पी-1 (नरेला) की क्षेत्रीय विकास योजना/ जोन एम (रोहिणी) की क्षेत्रीय विकास योजना / जोन जे की क्षेत्रीय विकास योजना में संशोधन करने का प्रस्ताव है, जिसे जनता की जानकारी के लिए एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है। प्रस्तावित संशोधन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो/ सुझाव देना हो, तो वे अपनी आपत्ति / सुझाव इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से **तीस (30) दिन** की अवधि के अंदर ऑनलाइन पोर्टल **https:// clu.dda.org.in अथवा ई-मेल के माध्यम से mpd2021.public@dda.org.in** पर या लिखित रूप से आयुक्त एवं सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण, 'बी' ब्लॉक, विकास सदन, नई दिल्ली-110023 को भेज सकते हैं। आपत्ति करने अथवा सुझाव देने वाला व्यक्ति अपना नाम, पता और टेलीफोन नंबर/ संपर्क नंबर/ ई-मेल आईडी भी दें, जो पठनीय हो।

**प्रस्तावित संशोधनः**

| अवस्थिति | क्षेत्रफल (एकड़) | दिल्ली मुख्य योजना 2021/ जोन पी-1/ एम /जे की क्षेत्रीय विकास योजना के अनुसार भूमि उपयोग | परिवर्तित भूमि उपयोग | सीमाएं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **जोन पी-। (नरेला)** | | | | |
| सेक्टर ए-10, नरेला, मामूरपुर | 1.18 | आवासीय | मनोरंजनात्मक | **उत्तरः** दिल्ली यातायात पुलिस के लिए यातायात प्रशिक्षण पार्क हेतु प्रस्तावित प्लॉट<br>**दक्षिणः** 13.5 मीटर चौड़ी मार्गाधिकार सड़क<br>**पूर्वः** 12 मीटर चौड़ी मार्गाधिकार सड़क<br>**पश्चिमः** दिल्ली यातायात पुलिस के लिए यातायात प्रशिक्षण संस्थान हेतु प्रस्तावित प्लॉट |
| सेक्टर बी-4, नरेला, टिकरी खुर्द | 11 | आवासीय | मनोरंजनात्मक | **उत्तरः** 18 मीटर चौड़ी मार्गाधिकार सड़क<br>**दक्षिणः** मनोरंजनात्मक क्षेत्र<br>**पूर्वः** 30 मीटर चौड़ी मार्गाधिकार सड़क<br>**पश्चिमः** नहर |
| सेक्टर जी-7/ जी-8, नरेला, बवाना | 15 | आवासीय | मनोरंजनात्मक | **उत्तरः** दिविप्रा आवास<br>**दक्षिणः** 220 केवी ईएसएस और जे जे कॉलोनी<br>**पूर्वः** दिविप्रा आवास<br>**पश्चिमः** जे जे कॉलोनी |
| यूईआर-II, अलीपुर के पास अधिग्रहित भूमि | 20.4 | •आवासीय (13.2)<br>•व्यावसायिक (5.6)<br>•उपयोगिता (1.6) | मनोरंजनात्मक | **उत्तरः** यूईआर-।।<br>**दक्षिणः** लैंड पूलिंग क्षेत्र<br>**पूर्वः** आवासीय<br>**पश्चिमः** नहर |
| **जोन एम (रोहिणी)** | | | | |
| पंसाली, सेक्टर-32 | 2.16 | आवासीय | मनोरंजनात्मक | **उत्तरः** व्यावसायिक (पॉकेट-4)<br>**दक्षिणः** 12 मीटर चौड़ी मार्गाधिकार सड़क<br>**पूर्वः** व्यावसायिक (पॉकेट-4)<br>**पश्चिमः** निर्मित/ अनअधिग्रहित भूमि |
| **जोन जे** | | | | |
| मैदान गढ़ी | 8.78 | आवासीय | मनोरंजनात्मक | **उत्तरः** खाली भूमि<br>**दक्षिणः** खाली भूमि<br>**पूर्वः** खाली भूमि<br>**पश्चिमः** खाली भूमि |
| मैदान गढ़ी | 7.76 | आवासीय | मनोरंजनात्मक | **उत्तरः** खाली भूमि<br>**दक्षिणः** खाली भूमि<br>**पूर्वः** खाली भूमि<br>**पश्चिमः** खाली भूमि |
| सतबारी | 2.06 | सुविधा गलियारा | मनोरंजनात्मक | **उत्तरः** खाली भूमि<br>**दक्षिणः** निर्मित<br>**पूर्वः** खाली भूमि<br>**पश्चिमः** खाली भूमि |
| सतबारी | 13.51 | आवासीय | मनोरंजनात्मक | **उत्तरः** सीएपीएफ आईएमएस<br>**दक्षिणः** खाली भूमि<br>**पूर्वः** खाली भूमि<br>**पश्चिमः** खाली भूमि |

प्रस्तावित संशोधनों को दर्शाने वाला पाठ / नक्शा निरीक्षण के लिए उपरोक्त अवधि के दौरान सभी कार्य-दिवसों में उप निदेशक कार्यालय, मुख्य योजना अनुभाग, दिल्ली विकास प्राधिकरण, छठी मंजिल, विकास मीनार, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002 में उपलब्ध रहेगा। प्रस्तावित संशोधनों को दर्शाने वाला पाठ / नक्शा निम्नलिखित लिंक अर्थात **https://dda.gov.in/mpd-2021-public-notices-2026 और https://clu.dda.org.in/** पर उपलब्ध है।

**(सुरेन्द्र कुमार मीणा)**
**आयुक्त एवं सचिव,**
**दिल्ली विकास प्राधिकरण**

**Follow us:** official_dda ddaofficial official_dda_

कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.gov.in देखें या टॉल फ्री नं. 1800110332 डायल करें।